**Seventeenth Loksabha**

an>

Need to run Singrauli-Bhopal Express and Singrauli-Nizamuddin Express on daily basis

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): माननीय रेल मंत्री महोदय से मैं अनुरोध करती हूँ कि 2017 में मेरे बार-बार आग्रह पर मेरे संसदीय क्षेत्र को 2 ट्रेनों की सौगात केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई थी- सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस (22165/66) व सिंगरौली निजामुद्दीन एक्सप्रेस (22167/68)। उक्त दोनों ट्रेनों के चलने से मेरे क्षेत्रवासियों को सुविधा हुई, परंतु ये ट्रेनें साप्ताहिक है । सिंगरौली जिला औद्योगिक होने के कारण यहाँ विभिन्न स्थानों से लोग कार्य करने आते हैं, जिनका आवागमान भोपाल व दिल्ली प्रायः बना रहता है, किन्तु साप्ताहिक ट्रेन होने के कारण हफ्ते भर इंतजार करना पड़ता है और यात्री ज्यादा होने के कारण सीट भी नहीं मिल पाती और अगले हफ्ते का इंतजार करना पड़ता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि शीघ्र उक्त दोनों ट्रेनों को नियमित कराने की कृपा करें, जिसके फलस्वरूप यहाँ के लोगों को सुविधा मिल सके।